श्री.पी.एन.बाहेकर

सचिव

श्री पवन एन. बाहेकर ने पत्तन क्षेत्र में अपना कार्यकाल दि. 10.01.1992 को मुंबई पत्तन न्यास में कनिष्ठ श्रेणी-I अधिकारी के रूप में आरंभ किया. उन्हें मुंबई, मुरगाँव, नव मंगलूर और पारादीप जैसे भारत के विभिन्न महापत्तनों में 33 वर्षों का समृद्ध और विविधतापूर्ण अनुभव है. उन्होंने पत्तन क्षेत्र में यातायात, रेलवे, कल्याण और सामान्य प्रशासन विभागों में विभिन्न पदों पर और साथ ही, अध्यक्ष के कार्यकारी सहायक के रूप में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है.

वे सिविल अभियांत्रिकी में स्नातक एवं विदेश व्यापार, मल्टीमोडल परिवहन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा धारक और विपणन प्रबंधन में स्नातकोत्तर उपाधि धारक हैं. इसके अलावा, उन्हें "वर्ष 2002 से और उसके पश्चात - भारत में महापत्तनों के संदर्भ में उत्पादकता और दक्षता में सुधार के संबंध में पत्तन संचालन का अध्ययन" पर उनके शोध प्रबंध के लिए व्यवसाय प्रबंधन में पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया है.

उनके पास पत्तन उपयोगकर्ताओं, कामगार संगठनों और सरकारी/निजी क्षेत्रों के साथ औद्योगिक संबंधों को कुशलतापूर्वक संभालने का कौशल है.

उन्हें पत्तन संचालन, स्थापना, कल्याण, विधि और पत्तन के व्यावसायिक विकास प्रकोष्ठ में व्यापक अनुभव है.

श्री बाहेकर 20.03.2024 से मुंबई पत्तन प्राधिकरण में सचिव के रूप में कार्यरत हैं.